# मानव तस्करी संरक्षण जांचसूची

यह जाँच सूची मानव तस्करी की निगरानी करने तथा इसका सामना करने के लिए स्टेट डिपार्टमेंट के कार्यालय द्वारा NGOs और विदेशी सरकारों सहित विभिन्न स्रोतों से संकलित प्रभावी पीड़ित सुरक्षा पद्धतियों की एक गैर-सम्पूर्ण सूची दर्शाती है। सूची में दिए गए सुझाव संभवत: सभी स्थितियों में व्यवहार्य अथवा उचित न हों परंतु ये उन पद्धतियों को दर्शाते हैं जिन पर सरकार पीड़ित सुरक्षा कार्यनीतियाँ बनाते समय विचार कर सकती है।

## पहचान

- ☑ कमजोर जनसंख्या में से तस्करी पीड़ितों की पहचान के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाएं विकसित करें और लागू करें। इन मानक प्रचालन प्रक्रियाओं में स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार निर्मित मानव तस्करी के संकेतक शामिल होने चाहिए।
- ☑ सरकारी कर्मचारियों, विशेष रूप से प्रथम
- ☑ कार्रवाई करने वाले व्यक्तियों और प्रवास, श्रम, बाल कल्याण, और कानून को लागू करने के क्षेत्रों में कार्य करने वाले कर्मचारियों को पीड़ितों की पहचान करने तथा उन्हें उपयुक्त सेवाओं तक भेजने के लिए प्रशिक्षित करें।
- ☑ स्वास्थ्य सेवा कामगारों, वकीलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अध्यापकों, कार्यस्थल निरीक्षकों, बाल कल्याण वकीलों, धार्मिक नेताओं और मानव तस्करी के पीड़ितों से काम करने वाले संभावित अन्य पेशेवरों के लिए पीड़ित पहचान प्रशिक्षण लागू करें।
- ☑ लक्षित जन-जागरूकता अभियान चलाएं जो मानव तस्करी के खतरे वाले समुदायों, उद्योगों और क्षेत्रों में सांस्कृतिक तथा भाषायी रूप से उपयुक्त हों।
- ☑ प्रवास पूछताछ केंद्रों में कैद किए गए अथवा रोके गए संभावित तस्करी पीड़ितों के लिए जाँच करें क्योंकि कानून लागू करने वाली एजेंसियों द्वारा तस्करी की स्थिति में होने के परिणामस्वरूप किए गए अपराधों के लिए पीड़ितों को गिरफ्तार किया जा सकता है अथवा नज़रबंद किया जा सकता है।
- ☑ मानव तस्करी के संकेतकों के लिए सीमा पर और समुद्री तट पर अनाथालय में प्रवेश के इच्छुकों तथा लावारिस बच्चों सहित जोखिम वाली प्रवासी जनसंख्या की जाँच के लिए कार्यक्रम अपनाएं।
- ☑ मानव तस्करी सहित श्रम उल्लंघन और शोषण की स्वयं रिपोर्ट करने को सुविधाजनक बनाने के लिए नागरिक और गैर-नागरिक कर्मचारियों को कार्यस्थल पर उनके अधिकारों और अन्य अधिकारों के बारे में सूचित करें।
- ☑ तस्करी के पीड़ितों के लिए कानून लागू करने वाली एजेंसियों और सेवा प्रदाताओं को मामला भेजने के लिए संगत भाषा विकल्पों के साथ एक राष्ट्रीय हॉटलाइन स्थापित करें और इसका प्रचार करें।
- ☑ तस्करी के संकेतों के लिए संभावित पीड़ितों की जाँच करने वाले प्रथम कार्रवाई करने वाले व्यक्तियों और अधिकारियों के पास उपयुक्त व्याख्या कौशल होना सुनिश्चित किया जाए।
- ☑ मानव तस्करी सहित श्रम शोषण के उच्च जोखिम वाले निजी क्षेत्र के उद्योगों की निगरानी करें।
- ☑ प्रेस विज्ञप्तियों और अन्य सार्वजनिक दस्तावेज़ों में पीड़ितों को यह निर्णय लेने की अनुमति देने कि क्या पहचान संबंधी सूचना बताई जानी है अथवा नही, सहित पीड़ित की पहचान सुरक्षित रखने के लिए उपाय करें।

## कानूनी कार्यवाहियाँ

- ☑ घरेलू कानून से संगत सीमा तक तस्करी के पीड़ित की पहचान और सूचना कानूनी कार्यवाही में गुप्त रखी जाए।
- ☑ तस्करी करने वालों के विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही के दौरान पीड़ित की गवाही घरेलू कानून के अनुरूप कम से कम परेशान करते हुए ली जाए।
- ☑ कानून लागू करने वाले व्यक्तियों को पीड़ित के अधिकारों और संरक्षण के बारे में प्रशिक्षित करें ताकि वे ऐसे व्यक्तियों को उनकी तस्करी के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप किए गए गैर-कानूनी कार्यों के लिए सजा देने के बजाय पीड़ित मानें।
- ☑ ऐसे कानून बनाएं जो बालिग और बाल तस्करी पीड़ितों - दोनों को उनसे ज़बरदस्ती करवाए गए विभिन्न अहिंसक अपराधों के लिए आपराधिक दोषसिद्धियों को रद्द करने अथवा हटाने के लिए न्यायालय के आदेश की माँग करने की अनुमति दें।

- ☑ ऐसे कानून प्रवर्तन प्रोटोकोल बनाएं जिनमें तस्करी के पीड़ितों के लिए तथा उनके उपचार के लिए उचित सुरक्षा का आदेश दिया जाए।
- ☑ ऐसे कानून बनाएं जो तस्करी पीड़ितों को उनकी तस्करी करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की माँग करने और उन्हें हुई हानि तथा आघात के लिए वित्तीय मुआवजे की माँग करने की अनुमति दें।
- ☑ पीड़ितों को उनके अधिकारों और किसी संबंधित कानूनी कार्यवाही के बारे में ऐसी भाषा में सूचना दें जो वे समझते हों।
- ☑ तस्करी के पीड़ितों और उनके परिवार के सदस्यों को तस्करी करने वालों द्वारा धमकी तथा बदले से बचाने के लिए उचित तथा व्यवहार्य उपाय करें।
- ☑ कानूनी कार्यवाहियों के दौरान सहयोग के भार को कम करने के लिए सहायता करने के लिए पीड़ितों को सेवाओं तथा सहयोग तक पहुँच उपलब्ध कराएं।

## सेवाएं

- ☑ पीड़ितों को स्वास्थ्य देखभाल; दीर्घावधि आवास सहायता के अतिरिक्त आपातकालीन तथा अस्थायी आवास; मानसिक स्वास्थ्य परामर्श; मादक पदार्थ के सेवन के लिए उपचार; खाद्य सहायता; कपड़ों की सहायता; शैक्षिक तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं नियोजन; परिवार की अवस्थिति और फिर से मिलाप; अनुवाद तथा व्याख्या; आपराधिक न्याय प्रणाली में वकालत; आध्यात्मिक सहयोग; आपराधिक, सिविल तथा प्रवास कानूनी सहायता; सुरक्षा आयोजना; देश-प्रत्यावर्तन; और इन बहुत-सी सेवाओं को खोजने तथा इन तक पहुँच में सहायता संबंधी उपयुक्त सेवाएं उपलब्ध कराएं।
- ☑ यह सुनिश्चित करें कि शिरणस्थल और सेवाएं पीड़ित की आयु, लिंग तथा विशेष आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त हों।
- ☑ पीड़ितों को यह निर्णय लेने की अनुमति दें कि वह शरणस्थल तथा सेवाओं को स्वीकार करना चाहते है या नही।
- ☑ शरण तथा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अनुभवी NGOs को धन प्रदान करें।
- ☑ उपलब्ध सेवाओं के बारे में पीड़ित सहायता सूचना बनाएं और उपयुक्त स्थलों में वितरित करें।

## स्थायी समाधान

- ☑ तस्करी के पीड़ितों को जाँच अथवा मुकदमे में भाग लेने के दौरान के समय सहित स्थायित्व देने के लिए कार्य के प्राधिकार के साथ-साथ अस्थायी प्रवास स्थिति उपलब्ध कराएं।
- ☑ तस्करी के उन पीड़ितों को सुरक्षित देश वापसी की सुविधा प्रदान करें जो ऐसा चाहते है।
- ☑ वापस जाने वाले पीड़ितों के लिए पुन:एकीकरण सेवाओं के लिए धन प्रदान करें।
- ☑ यदि मूल देश में वापस जाना सुरक्षित न हो और इसमें कठिनाई, बदला अथवा पुन:शोषण की संभावना हो, तो किसी तीसरे देश में बसाए जाने की संभावना तलाश करें।
- ☑ यदि वापस जाना सुरक्षित न हो और इसमें कठिनाई, बदला अथवा पुन:शोषण की संभावना हो, तो दीर्घावधि समाधान के रूप में प्रवास दर्जे का विकल्प उपलब्ध कराएं।